दिनांकः 17.01.2025 समय : 18.30 पीएम

आकाषवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेषिक समाचार

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा–देश में पिछले चार सालों में ऑटो सेक्टर में 36 अरब डॉलर से ज्यादा का प्रत्यक्ष विदेशी निवेश हुआ–प्रधानमंत्री कल स्वामित्व योजना के तहत 65 लाख से ज्यादा सम्पत्ति कार्ड देंगे।
- लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने जयपुर में भारत सोलर एक्स्पो का शुभारंभ किया।
- स्वास्थ्य क्षेत्र के कई मानकों में राजस्थान का प्रदर्शन राष्ट्रीय औसत से बेहतर–छह करोड़ लोगों की आभा आईडी बनाई गई।
- शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने कहा–प्रदेश में बोर्ड परीक्षाओं के बाद शिक्षक तबादला प्रक्रिया शुरू होने की उम्मीद।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत इस समय दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा यात्री वाहन बाज़ार है। उन्होंने कहा कि देश के ऑटो उद्योग में पिछले साल बारह प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। श्री मोदी आज नई दिल्ली के भारत मंडपम में छह दिन तक चलने वाले भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो 2025 के उद्घाटन सत्र में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि मेक इन इंडिया पहल से देश के ऑटो उद्योग को बढ़ावा मिल रहा है।

..............

श्री मोदी ने कहा कि उत्पादन से जुड़ी पीएलआई योजना ने मेक इन इंडिया अभियान को नई रफ्तार दी है। इससे 2 लाख 25 हजार करोड़ रुपये से अधिक की बिक्री हुई है। इस स्कीम ने वाहन क्षेत्र में डेढ़ लाख से अधिक प्रत्यक्ष रोजगार उपलब्ध कराए हैं। उन्होंने बताया कि पिछले चार वर्षों में ही ऑटो सेक्टर में 36 अरब डॉलर से ज्यादा का प्रत्यक्ष विदेशी निवेश हुआ है।
इस अवसर पर केन्द्रीय उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि ये एक्स्पो दुनिया का ऑटो मोबाइल क्षेत्र का दूसरा सबसे बड़ा आयोजन बन गया है। उन्होंने कहा कि भारत आज तिपहिया वाहनों और ट्रेक्टरों का सबसे बड़ा निर्माता बन गया है। ये एक्स्पो ऑटो मोटिव और मोबिलिटी क्षेत्र में नवाचार दिखाने का अनूठा मंच है। इसमें आठ सौ स्टॉल्स लगाए गए हैं।
प्रधानमंत्री कल स्वामित्व योजना के तहत वीडियो कॉन्फ्रेन्स के माध्यम से 65 लाख से ज्यादा सम्पत्ति कार्ड वितरित करेंगे। दस राज्यों और दो केन्द्र शासित प्रदेशों के पचास हजार से ज्यादा गांव और 230 से अधिक जिलों में सम्पत्ति को मालिकों को ये कार्ड दिये जाएंगे।
गौरतलब है कि स्वामित्व योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में बसे घरों के मालिकों को स्वामित्व अधिकार दिये जाते हैं। इस योजना के तहत सर्वेक्षण के लिए नवीनतम ड्रोन तकनीक का उपयोग किया जा रहा है।

000

जयपुर के जेईसीसी में आज से **भारत सोलर एक्सपो** की शुरूआत हुई। तीन दिन चलने वाले इस एक्सपो का आयोजन ऊर्जा विभाग और राज्य सोलर एसोसिएशन की ओर से किया गया है। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने एक्सपो का उद्घाटन किया। इस अवसर पर श्री बिरला ने कहा कि आने वाले समय में राजस्थान सौर ऊर्जा का बड़ा हब बनेगा, उन्होंने कहा कि नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में राज्य में अच्छा काम हो रहा है।

................

एक्सपो में डेढ़ सौ से ज्यादा स्टॉल्स के माध्यम से सौर और नवीकरणीय ऊर्जा प्रद्यौगिकियों को दिखाया गया है। सम्मेलन में कई महत्वपूर्ण विषयों पर सत्र होंगे। एक्सपो देश की रिनुऐबल एनर्जी यात्रा के साथ ही नवाचार को बढ़ावा देने का काम करेगा, इसके साथ ही समावेशी ऊर्जा भविष्य को आकार देने के लिए हितधारकां को सांझा मंच देगा।

000

राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने सभी से "राष्ट्र प्रथम" की सोच के साथ "विकसित भारत" के लिए मिलकर काम करने को कहा है। श्री बागड़े आज जयपुर में 'द ढूँढाड़ टॉक' कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी को राष्ट्र हित को अपना कतर्व्य मानते हुए विकास में सहभागी बनना चाहिए। उन्होंने कहा कि जब राष्ट्र प्रथम होता है, तभी देश तरक्की करता है।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' इस रविवार को प्रसारित होगा। आकाशवाणी से ये कार्यक्रम दस वर्ष से भी अधिक समय से प्रसारित हो रहा है। इस महीने इसकी 118वीं कड़ी होगी। ये कार्यक्रम सुबह 11 बजे आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क पर प्रसारित किया जाएगा।

000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि सरकार स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार और उन्हें मजबूत बनाने के लिए काम कर रही है। उन्होंने कहा कि संस्थागत प्रसव, टीकाकरण और चिकित्सा संस्थानों की उपलब्धता सहित कई मानकों में राजस्थान का प्रदर्शन राष्ट्रीय औसत से बेहतर है। मुख्यमंत्री आज चिकित्सा और स्वास्थ्य क्षेत्र के प्रतिनिधियों के साथ बजट पूर्व चर्चा कर रहे थे। श्री शर्मा ने कहा कि लोगों को हेल्थ रिकॉर्ड डिजिटली सुरक्षित रखने के लिए अब तक छह करोड़ लोगों की आभा आईडी बनाई जा चुकी है। इसमें राजस्थान देश में दूसरे स्थान पर है। श्री शर्मा ने बताया कि प्रदेश में 11 हजार 571 संस्थान आयुष्मान आरोग्य मंदिर के रूप में काम कर रहे हैं। इनसे करोड़ो लोगों को फायदा मिल रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने चिकित्सा विभाग में लगभग पचास हजार पदों पर भर्ती का लक्ष्य रखा है, जिसे जल्द पूरा किया जाएगा।

बैठक में चिकित्सकों ने प्रदेश में ट्रांसप्लांट सेवा को और विकसित करने, स्वास्थ्य क्षेत्र में पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप बढ़ाने, ट्रेनिंग और रिसर्च में बढ़ोतरी करने तथा मेडिकल टूरिज्म बढ़ाने सहित विभिन्न विषयों पर सुझाव दिये।

000

भीलवाडा में आज से सासंद जन संवाद केन्द्र की शुरूआत हुई। भीलवाडा सांसद दामोदर अग्रवाल ने इसका शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि संवाद केन्द्र में उनकी टीम और पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता उपलब्ध रहेंगे। वे लोगों की समस्याएं सुनेंगे। श्री अग्रवाल ने आज भीलवाडा में साइकिल ट्रैक का शुभारंभ किया। शहर के आरजिया चौराहे से सुखाड़िया सर्किल तक ये ट्रैक बनाया गया है।

000

शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने प्रदेश में बोर्ड परीक्षाओं के बाद शिक्षकों की तबादला प्रक्रिया शुरू करने की घोषणा की है। उन्होंने चित्तौडगढ़ के श्री सांवलियाजी में चल रहे राजस्थान शिक्षक संघ के प्रदेश शैक्षिक सम्मेलन में यह बात कही। अपने सम्बोधन में श्री दिलावर ने कहा कि बोर्ड परीक्षाओं के बाद शिक्षकों के स्थानान्तरण को लेकर नीति बनायी जायेगी उसके बाद ही तबादले होंगे। उधर, झुंझुनूं में आज से राजस्थान शिक्षक संघ सियाराम का प्रांतीय अधिवेशन शुरू हुआ। दो दिन के इस सम्मेलन का शुभारंभ यूडीएच मंत्री झाबरसिंह खर्रा ने किया। इस मौके पर श्री खर्रा ने कहा कि देश का भविष्य शिक्षकों के हाथ में होता है। उन्हें गंभीरता के साथ अपने दायित्वों को पूरा करते हुए नई पीढ़ी को तैयार करना चाहिए।

..................

प्रदेश में शिक्षा विभाग ने आठवीं कक्षा तक के बच्चों की तीन विषयों में शैक्षणिक कमियां पता लगाने की पहल की है। मुख्यमंत्री शिक्षित राजस्थान अभियान के तहत ये शुरूआत की गई है। एक रिपोर्ट –

................

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आज राष्ट्रीय खेल पुरस्कार प्रदान किये। राष्ट्रपति भवन में आयोजित समारोह में ये पुरस्कार दिये गये। इसमें चार खिलाड़ियों को मेजर ध्यानचंद पुरस्कार से सम्मानित किया गया। पांच को द्रोणाचार्य पुरस्कार और बत्तीस खिलाड़ियों को अर्जुन पुरस्कार दिये गये। इसमें अर्जुन पुरस्कार पाने वाले खिलाड़ियों में राजस्थान की पैरा शूटर मोना अग्रवाल भी शामिल हैं। अवॉर्ड पाकर मोना ने कहा कि ये उनके लिए बड़े गर्व का पल है।

...............

मौसम विभाग ने प्रदेश के 24 जिलों में कोहरा छाए रहने और चार जिलों में शीतलहर का येलो अलर्ट जारी किया है। इस बीच, माउंट आबू में आज न्यूनतम तापमान 1 डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज हुआ। वहीं सिरोही में 3 दशमलव 8 और सीकर में 4 डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान रिकॉर्ड हुआ। राजधानी जयपुर में कल हुई मावठ से सर्दी का असर बढ़ गया है।

दिन में भी ठंडी हवाओं के कारण ठिठुरन महसूस की जा रही है। वहीं शाम होते ही गलन का असर देखा जा रहा है। कड़ाके की सर्दी से 31 जनवरी तक राहत की उम्मीद नहीं है। विभाग ने 22 जनवरी से नया मौसम तंत्र सक्रिय होने की संभावना जताई है। इसके असर से राज्य के उत्तर–पूर्वी हिस्से में बारिश हो सकती है।

000